**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 07 जनवरी, 2020 को मध्यान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुयी बैठक 2020/01 (संख्या पच्चीसवीं) की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

1. प्रो0 श्री निवास सिंह, - अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

2. प्रो0 राम अचल सिंह, - सदस्य
   पूर्व कुलपति, राम मनोहर लोहिया अवध विश्ववविद्यालय,
   अयोध्या (राज्य सरकार नामिती)

3. प्रो0 जय प्रकाश लाल, - सदस्य
   विशिष्ट प्रोफेसर (आजीवन) कृषि विज्ञान संस्थान
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
   (राज्य सरकार नामिती)

4. प्रो0 डी0के0 सिंह, - सदस्य
   आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग,
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

5. प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, - सदस्य
   आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग,
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

6. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, - सदस्य
   अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

7. प्रो0 ए0एन0 तिवारी, - सदस्य
   अधिष्ठाता छात्र मामले
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

8. ई0 एस0के0 अग्रवाल, - सदस्य
प्रबन्ध निदेशक,
मेसर्स एस0के0 केमिकल्स, गोरखपुर
(राज्य सरकार नामिती)

9. श्री आनन्द स्वरुप - सदस्य
अपर निदेशक, कोषागार गोरखपुर मण्डल
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त)
वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

10. श्री सुरेन्द्र प्रसाद, - सदस्य
संयुक्त निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा, वाराणसी
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

11. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन तथा शोध एवं विकास
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

12. श्री अमर सिंह, - विशेष आमंत्री
वित्त नियंत्रक
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

13. डा0 जीऊत सिंह, - सचिव
कुलसचिव
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

सभा के माननीय सदस्य प्रो0 राम लखन सिंह, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या तथा प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किन्हीं कारणों से बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जा सका।

**2020/1.01 <u>अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रारम्भिक अभियुक्ति को अंकित किया जाना।</u>**

1. प्रो0 गौरव शर्मा, रिचेस्टर यूनिवर्सिटी, यू0एस0ए0 द्वारा दिनांक 29-30 नवम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय का भ्रमण किया गया तथा विश्वविद्यालय के विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग के विद्यार्थियों को विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया।

2. विश्वविद्यालय के विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2019 एवं 01 दिसम्बर, 2019 के मध्य "Energy Management in Smart Sustainable Cities" विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में FORTISS Germany, IIT, Gandhinagar and GIPT City के विशेषज्ञों सहित अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

3. विश्वविद्यालय की स्थापना के कुशलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त दिनांक 01 दिसम्बर, 2019 को छठवॉ स्थापना दिवस समारोह भव्यतापूर्ण आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रो0 एच0पी0 खिंचा, पूर्व कुलपति विश्वेस्वरैया विश्वविद्यालय, कर्नाटक एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल, नगर विधायक, गोरखपुर के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के एल्युमनाई, शहर के अन्य गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

4. विश्वविद्यालय परिसर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं नेशनल इनर्जी फार न्यू टेक्नालाजीज, इनर्जी एण्ड ससटेनेबुल इकोनामी डेवलपमेंट (ENEA) ईटली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 1-3 दिसम्बर, 2019 के मध्य "Energy, Environment & Material Sciences" (ICE2M-2019) विषय पर तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रो0 वी0के0 शर्मा, नेशनल इनर्जी फार न्यू टेक्नालाजीज, इनर्जी एण्ड ससटेनेब्रुल इकोनामी डेवलपमेंट (ENEA) ईटली के अलावा देश के विभिन्न आई0आई0टी0/ एन0आई0टी0 एवं अन्य तकनीकी संस्थानों के शिक्षकों द्वारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये गये।

5. विश्वविद्यालय के सभा (COURT) का पंचम अधिवेशन माननीया कुलाधिपति महोदया के निर्देशानुसार कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 4.12.2019 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आयोजित किया गया।

6. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक विभागों का सलाहकार समिति द्वारा एकेडेमिक आडिट दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 को सम्पन्न करायी गयी।

7. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं मालवीय एल्युमनाई एसोसियेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 25-26 दिसम्बर, 2019 को "एल्युमनाई समागम-2019" का आयोजन कराया जाना निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती कमला रानी, माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, विशिष्ट अतिथि के रुप में ई0 आर0एम0 अग्रवाल, सी0एम0डी0 आई0टी0 आई0 लि0 तथा ई0 एस0सी0 मिश्र, सी0एम0डी0 आयल इण्डिया लि0 तथा प्रो0 पाण्डे बी0बी0 लाल, पूर्व प्राचार्य पूर्ववर्ती इंजीनियरिंग कालेज उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो0 पाण्डे बी0बी0 लाल, पूर्व प्राचार्य को मालवीय लाइफटाइम टीचर एवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही ई0 आर0पी0 तिवारी एवं ई0 विशाल सिंह को Malaviya Distinguished Alumnus Award से सम्मानित किया गया।

8. विश्वविद्यालय हेतु स्वीकृत शैक्षणिक प्रोजेक्ट Implementation of Indo-United Kingdom Joint Project entitled : "Data-Driven Intelligent Energy Management for Environmentally Sustainable Energy Access" (DST-UKIERI) की समीक्षा के संबंध में दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 को आई0आई0टी0 दिल्ली में बैठक आहूत करायी गयी, जिसमें आई0आई0टी0 गॉधी नगर एवं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से प्रो0 श्री निवास सिंह, कुलपति प्रतिभाग किये।

9. विश्वविद्यालय हेतु स्वीकृत शैक्षणिक प्रोजेक्ट UI-ASSIST (DST) के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को TERI नई दिल्ली में बैठक का आयोजन कराया गया।

10. विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के पाठ्यक्रमों के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 की टीम द्वारा दिनांक 28-29 दिसम्बर, 2019 को विभाग का निरीक्षण/भ्रमण/अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

11. विश्वविद्यालय के छात्र क्रिया कलाप परिषद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं दैनिक जागरण के सहयोग से दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया।

12. विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष तथा प्रोफेसर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के पदों पर चयन सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अर्ह शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत पदनाम एवं वेतनमान दिये जाने हेतु क्रमशः दिनांक 3,4 एवं 5 जनवरी, 2020 को चयन समितियों की बैठकें आयोजित करायी गयी।

13. विश्वविद्यालय के 5 विद्यार्थियों द्वारा 91 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर प्राप्त किया गया।

**2020/1.02** **<u>विश्वविद्यालय की प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 18.11.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/04 बैठक (संख्या चौबीसवीं) के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा दिनांक 18.11.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/4 बैठक (संख्या चौबीसवीं) के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**2020/1.03** **<u>विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 18.11.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/04 बैठक (संख्या चौबीसवीं) में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित किए जाने का विवरण।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 18.11.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/4 बैठक (संख्या चौबीसवीं) में लिये गये निर्णयों को क्रियान्वित किये जाने के विवरण से अवगत हुयी।

**2020/1.04 <u>विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 7.1.2020 को सम्पन्न हुयी 2020/1 बैठक संख्या सत्रहवीं के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 07 जनवरी, 2020 को सम्पन्न हुयी 2020/01 बैठक संख्या सत्रहवीं में लिए गए निर्णय के मुख्य विन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत होने के उपरान्त वित्त समिति की कार्यवृत्त ***(संलग्नक-1)*** पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/1.05 <u>विश्वविद्यालय में कार्यरत कतिपय शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि संतोषजनक ढंग से पूर्ण होने के उपरान्त उन्हें स्थायी घोषित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत **संलग्नक-2** में प्रस्तुत सूची में शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के उपरान्त इनको स्थायी घोषित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/1.06 <u>सभा की दिनांक 4.12.2019 को सम्पन्न बैठक में दिये गये सुझाव के अनुक्रम में विश्वविद्यालय में विद्यमान अधिष्ठाताओं (Deans) के दर्जा (Position) को पुनर्गठित किये जाने और अधिष्ठाताओं के नये पदों को बनाये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा समिति द्वारा अधिष्ठाताओं की अवधि, मानदेय तथा अध्यक्ष, छात्र क्रिया-कलाप परिषद के कार्य एवं अवधि में सुधार आदि पहलुओं हेतु प्रदान की गयी संस्तुति को अनुमोदित करते हुये विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 30(2) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में विद्यमान अधिष्ठाताओं के स्थान पर अब निम्नलिखित के अनुसार अधिष्ठाता तथा सह अधिष्ठाता बनाये जाने का प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही अधिष्ठाताओं की कार्य अवधि, मानदेय तथा अध्यक्ष, छात्र क्रिया-कलाप परिषद के कार्य एवं अवधि में सुधार आदि हेतु समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1. अधिष्ठाता, संकाय मामले (Dean of Faculty Affairs) (DOFA)
2. अधिष्ठाता, छात्र मामले (Dean of Students Affairs) (DOSA)
3. अधिष्ठाता, शोध तथा परामर्श (Dean of Research & Consultancy) (DORC)
4. अधिष्ठाता, शैक्षणिक मामले (Dean of Academic Affairs) (DOAA)
5. अधिष्ठाता, अवस्थापना नियोजन (Dean of Infrastructure & Planning)(DOIP)
6. अधिष्ठाता, एल्युमनाई एवं विदेशी मामले (Dean of Alumni & External Affairs) (DOEA)

**<u>सह अधिष्ठाता</u>**

1. सह अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (Associate Dean Students Welfare) (ADSW)
2. सह अधिष्ठाता, छात्रावास मामले (Associate Dean Hostel Affairs) (ADHA)
3. सह अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन(Associate Dean Postgraduate Studies) (ADPG)
4. सह अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन (Associate Dean Undergraduate Studies) (ADUG)
5. सह अधिष्ठाता, सिविल कार्य (Associate Dean Civil Works) (ADCW)

6. सह अधिष्ठाता, विद्युत एवं वातानुकूलन कार्य (Associate Dean Electrical & Air-conditioning Works) (ADEA)
7. सह अधिष्ठाता, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर(Associate Dean Digital & Infrastructure) (ADDI)

2020/1.07 **<u>मानविकी एवं प्रबन्ध विज्ञान विभाग के अन्तर्गत एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के अध्यापन हेतु समेकित वेतन पर अनुबंधित शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव पर एवं अनुमोदन।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा एम0बी0ए0 के विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों को विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित शिक्षकों को अनुमन्य कराये गये 7वें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरुप वेतनमान का लाभ अनुमन्य कराये जाने के दृष्टिकोंण से प्रतिमाह देय समेकित वेतन रु0 35000.00 के स्थान पर निम्नलिखित के अनुसार किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः-

- प्रथम वर्ष में रु0 40000.00 प्रतिमाह
- द्वितीय वर्ष में 42500.00 प्रतिमाह
- तृतीय वर्ष 45000.00 प्रतिमाह
- चतुर्थ वर्ष 47500.00 प्रतिमाह तथा
- पंचम वर्ष में रु0 50000.00 प्रतिमाह

2020/1.08 **<u>डा0 लाल बहादुर प्रसाद, सहायक आचार्य के प्रकरण पर माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा पारित आदेश एवं डा0 प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर वाद के परिपेक्ष्य में इनको स्वीकृत लाभ के संबंध में विचार।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा डा0 लाल बहादुर प्रसाद के प्रकरण पर विश्वविद्यालय के ग्रीवान्स कमेटी की दिनांक 7.1.2020 को सम्पन्न हुयी बैठक द्वारा दी गयी स्पष्ट टिप्पणी/संस्तुति के क्रम में प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अन्तिम निर्णय लिये जाने तक स्थगित रखे जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह सुझाव दिया गया कि इनके प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अन्तिम निर्णय लिये जाने के उपरान्त कार्यवाही किया जाना श्रेयस्कर होगा।

2020/1.09 **<u>विद्युत अभियंत्रण विभाग के शिक्षक क्रमशः प्रो0 केजी0 उपाध्याय, आचार्य एवं प्रो0 अमर नाथ तिवारी, आचार्य द्वारा की गयी विदेश यात्राओं के संबंध में सूचना।</u>**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के विद्युत अभियंत्रण विभाग के शिक्षक, प्रो0 के0जी0 उपाध्याय द्वारा निजी कार्यवश दिनांक 26.4.2019 से 15.7.2019 तक की यू0एस0ए0 विभाग के दूसरे शिक्षक प्रो0 अमर नाथ तिवारी, आचार्य द्वारा विश्वविद्यालय के लिये स्वीकृत शैक्षणिक प्रोजेक्ट "Efficient Coupling of Water and Energy Technologies for Smart Sustainable Cities" की जर्मनी में दिनांक 10-13 जुलाई, 2019 को आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने हेतु की गयी यात्राओं की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/1.10 विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 22-2(घ) के अन्तर्गत प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य के रुप में नामित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता श्रेणी से प्रो0 अमर नाथ तिवारी के स्थान पर प्रबन्ध बोर्ड की संस्तुति पर सरकार द्वारा प्रबन्ध बोर्ड एवं वित्त समिति का सदस्य नामित किये जाने के पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा उ0प्र0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम 22 सन् 2013 में 22-2(घ) के अन्तर्गत किए गए प्राविधानानुसार प्रबन्ध बोर्ड में अधिष्ठाता श्रेणी के अन्तर्गत प्रबन्ध बोर्ड की संस्तुति पर राज्य सरकार द्वारा पदेन रुप से अधिष्ठाता, छात्र मामले को प्रबन्ध बोर्ड एवं वित्त समिति का सदस्य नामित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त के साथ ही पूर्व से विद्यमान अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता जो अधिष्ठाता श्रेणी के अन्तर्गत प्रबन्ध बोर्ड में नामित सदस्य हैं, का प्रबन्ध बोर्ड की संस्तुति पर उक्त पदनाम अब अधिष्ठाता, शोध तथा परामर्श (Dean of Research & Consultancy) (DORC) होने के फलस्वरुप पदेन रुप से अधिष्ठाता, शोध तथा परामर्श को भी प्रबन्ध बोर्ड का सदस्य नामित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/1.11 मालवीय प्रवेश परीक्षा-2020 (MET-2020) के संचालन हेतु तैयार की गयी प्रवेश विवरिणका-2020 (Admission Brochure-2020) के अनुमोदन पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों यथा बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0, बी0बी0ए0, एम0बी0ए0, एम0एस0सी0 तथा पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु कतिपय संशोधनो के साथ तैयार की गयी प्रवेश विवरणिका-2020 (Admission Brochure-2020) पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2020/1.12 गत बैठक द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त नियुक्त/प्रोन्नत पाये कर्मचारियों के कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड गत बैठक द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त नियुक्त/प्रोन्नत हुये कर्मचारियों श्री भानू प्रताप कुशवाहा, कनिष्ठ सहायक चतुर्थ श्रेणी के रुप में नियुक्त किये गये श्रीमती किसमतिया, श्री शौकत अली, श्री कुशहर द्वारा दिनांक 19.11.2019 को कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना से अवगत हुयी।

**2020/1.13 विश्वविद्यालय के रिक्त पुस्तकालयाध्यक्ष तथा प्रोफेसर (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 3 जनवरी, 2020 को आयोजित चयन समिति द्वारा संस्तुत पैनल व पैनल के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियाँ किए जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष तथा प्रोफेसर, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 03 जनवरी, 2020 को सम्पन्न हुयी चयन समिति की बैठकों द्वारा संस्तुत पैनल के अनुसार निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया गयाः-

**पुस्तकालयाध्यक्ष (अनारक्षित)**

1. श्री रितेश कुमार साहू - नियमानुसार देय प्रारम्भिक वेतन पर

**प्रतीक्षा सूची** : श्री देवेन्द्र मणि पाण्डेय

**प्रोफेसर, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट (अनारक्षित)**

1. प्रो0 विजय कुमार द्विवेदी - नियमानुसार देय प्रारम्भिक वेतन पर

**2020/1.14 विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अर्ह शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत पदनाम एवं वेतनमान दिये जाने हेतु क्रमशः दिनांक 4 एवं 5 जनवरी, 2020 को आयोजित चयन समितियों की बैठकों द्वारा संस्तुत पैनल व पैनल के अनुसार शिक्षकों को पदनाम एवं वेतनमान दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

दिनांक 4 एवं 5 जनवरी, 2020 को सम्पन्न हुये चयन साक्षात्कार के उपरान्त संस्तुत पैनल के अनुसार निम्नलिखित शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना (CAS) के अन्तर्गत उनके नाम के सम्मुख अंकित तिथि से पदनाम एवं वेतनमान तथा ए0जी0पी0 दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। सूची में क्रमांक 6 पर उल्लिखित डा0 जीऊत सिंह, सह आचार्य जो कुलसचिव का भी कार्य देख रहे हैं, को आचार्य पदनाम दिये जाने का प्रकरण प्रस्तुत होने की दशा में कार्यसूची के मद संख्या 2020/1.14 पर चर्चा के समय वे बैठक से बाहर चले गये थे।

| क्रमांक | नाम शिक्षक | विभाग | आवेदित पदनाम/ ए0जी0पी0 | अर्ह/देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डा0 बी0के0 पाण्डेय, सह आचार्य | PMSD | प्रोफेसर | 29.5.2019 |
| 2. | डा0ए0के0 बरनवाल,सहा0 आचार्य | MCSD | AGP-7000/- | 3.2.2019 |
| 3. | डा0 हरिश चन्द्र, सहा0 आचार्य | -do- | AGP-7000/- | 10.2.2019 |
| 4. | डा0 पी0पी0 पाण्डे, सहा0 आचार्य | CESD | एसो0प्रोफेसर | 6.6.2019 |
| 5. | डा0 श्रीराम, सह आचार्य | CED | प्रोफेसर | 12.12.2017 |
| 6. | डा0 जीऊत सिंह, सह आचार्य | MED | प्रोफेसर | 13.6.2019 |
| 7. | डा0 स्वाति गंगवार, सहा0 आचार्य | -do- | AGP-7000/- | 19.1.2019 |
| 8. | श्रीमती मीनू, सहा0 आचार्य | CSED | एसो0प्रोफेसर | 9.12.2018 |
| 9. | डा0 ब्रजेश कुमार, सह आचार्य | ECED | प्रोफेसर | 13.6.2019 |
| 10. | डा0 राजन मिश्र, सहा0 आचार्य | -do- | AGP-8000/- | 4.7.2019 |
| 11. | डा0 सुधांशु वर्मा, सहा0 आचार्य | -do- | AGP-7000/- | 13.2.2019 |

तालिका में उल्लिखित निम्नलिखित शिक्षकों को उनके सम्मुख उल्लिखित पदनाम, वेतनमान तथा ए0जी0पी0 दिये जाने हेतु संस्तुति नहीं की गयी।

| क्रमांक | नाम शिक्षक | विभाग | आवेदित पदनाम/ ए0जी0पी0 |
|---|---|---|---|
| 1. | डा0सत्यपाल सिंह, सहा0 आचार्य | PMSD | AGP-8000/- |
| 2. | डा0 अरुण कुमार मिश्र, एसो0 प्रोफेसर | CED | प्रोफेसर |
| 3. | डा0 अवधेश कुमार, सहा0 आचार्य | EED | AGP-7000/- |
| 4. | डा0 नवदीप सिंह, सहा0 आचार्य | -do- | AGP-7000/- |
| 5. | डा0 रवि कु0 गुप्ता, सहा0 आचार्य | HMSD | AGP-7000/- |
| 6. | श्री जय प्रकाश, सहा0 आचार्य | ITCA | एसो0 प्रोफेसर |

**2020/1.15** **विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न श्रोतों से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति एवं वित्तीय प्रगति आख्या की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न श्रोतों से चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक स्थिति एवं प्रगति आख्या से अवगत हुयी तथा यह सुझाव दिया गया कि निर्माण कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण करवाया जाय।

**2020/1.16** **माननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में चल रहे विश्वविद्यालय से संबंधित वादों की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के कतिपय शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में दायर किये गये वाद की स्थिति से अवगत हुयी। साथ ही दिनांक 6.1.2020 को माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर किये गये मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर बनाम डा0 प्रमोद प्रसाद, सेवानिवृत्त आचार्य के वाद संख्या 467-2020 की स्थिति से अवगत हुयी।

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी।

07/01/2020
( डा0 जीऊत सिंह )
सचिव
कुलसचिव, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर

अनुमोदित
07.01.2020
( प्रो0 श्री निवास सिंह )
अध्यक्ष
कुलपति, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर